NT>

Title: Made a statement regarding further details of the derailment of the Kurla-Howrah Express, on 3rd December, 1998.

16.36 hrs.

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा योजना और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम नाईक): जैसा कि माननीय श्री नीतीश कुमार, रेल मंत्री द्वारा कल सूचित किया गया था, मैंने सदस्य इंजीनियरी और सदस्य बिजली, रेलवे बोर्ड के साथ जलगांव के निकट दुर्घटना स्थल का दौरा किया। हम जलगांव के सिविल हॉस्पिटल में भी गये।

उपर्युक्त दुर्घटना के परिणामस्वरूप, ९ व्यक्तियों (३ रेल कर्मचारियों सहित) की जानें गईं, ११ व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए तथा २३ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। घायल व्यक्तियों को सिविल हॉस्पिटल, जलगांव में भर्ती करा दिया गया है तथा उनका यथासंभव बेहतर इलाज करने पर पर्याप्त ध्यान दिया जा रहा है। बहरहाल, कुछ घायल यात्रियों को उनके अनुरोध पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

इस दुर्घटना में मरने वाले यात्रियों के लिए २५०००/- रूपये, गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए ५०००/- रूपये तथा मामूली रूप से घायल व्यक्तियों के लिए ५००/- रूपये अनुग्रह राशि की घोषणा की गई थी। दावा फार्मों को भरने में घायल यात्रियों की सहायता करने के लिए रेल अधिकारियों को निर्देश भी दे दिये गये हैं, ताकि वे रेल दावा अधिकरण से शीघ्र मुआवजा प्राप्त कर सकें। इस दुर्घटना में जिला प्रशासन अर्थात पुलिस कर्मियों और सिविल हॉस्पिटल के डॉक्टरों के अलावा, कुछ स्वयं सेवी संगठनों ने भी घायल व्यक्तियों को तुरंत सहायता पहुंचाई।

डाउन लाइन पर आज सुबह ८.३५ बजे यातायात बहाल कर दिया गया है। रेल संरक्षा आयुक्त, मध्य सर्कल ने पहले ही जांच शुरू कर दी है तथा उन्हें इसे शीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया है। जैसी कि कल सूचना दी गई थी, पहली नजर में दुर्घटना का कारण रेल पटरी में वेल्डिंग की खराबी का होना प्रतीत होता है। रेल संरक्षा आयुक्त से दुर्घटना के कारणों के संबंध में जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध तथा ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की जायेगी।

रेलवे की तरफ से, और स्वयं मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्ति करता हूं और घायलों के प्रति हार्दिक सहानुभूति व्यक्त करता हूं। मुझे विश्वास है, यह सदन भी दुखी परिवारों के प्रति हृदय से अपनी संवेदना प्रकट करने में मेरे साथ है।